

## अमिताभ बच्चन ने की शादी की बात तो शर्म से लाल हुए सलमान खान

बॉलिवुड के सुपरस्टार सलमान खान की शादी को लेकर अक्सर सवाल उठते हैं। कई मौकों पर उनसे शादी को लेकर सवाल भी पूछा जाता है, लेकिन जब अमिताभ बच्चन ने उन्हें सात फेरे लेने की सलाह दी तो वो शर्म से लाल हो गए। दरअसल, ये सवाल उनसे दबंग टूर के दौरान पूछा गया, जो रियाद में हुआ था। कमीडियन और होस्ट मनीष पॉल ने इसका वीडियो शेयर किया है। दरअसल, मनीष पॉल ने अपने यूट्यूब चौनल पर एक डॉक्यूमेंट्री वीडियो शेयर किया है। इस पार्ट 2 वीडियो में दबंग टूर के बिहाइंद द सीन की झलक है। मनीष पहले वहां पहुंचते हैं, जहां इवेंट होने वाला होता है। इसके बाद वो सुनील ग्रोवर और सई मांजरेकर से मिलते हैं। उनके साथ हंसी–मजाक करते है। फिर स्टेज पर जाकर तैयारियों का जायजा लेते हैं। इवेंट शुरू होने से पहले मनीष फटाफट जाकर रेडी होते हैं और एक बार फिर स्टेज पर पहुंच जाते हैं, जहां दर्शकों की भीड़ जुटी होती है। भीड़ इस कदर होती है कि मनीष को स्टेज के नीचे जाकर उनसे पीछे हटने की रिक्वेस्ट भी करनी पड़ती है। इसके बाद शुरू होता है धमाल का सिलसिला। सलमान खान की जबरदस्त एंट्री होती है। फिर शिल्पा शेट्टी, प्रभु देवा, आयुष शर्मा और सई मांजरेकर धमाकेदार परफॉर्मेंस देते हैं।

## दीया मिर्जा ने शेयर की 22 साल पुरानी फोटो

बॉलिवुड एक्ट्रेस दीया मिर्जा ने सोशल मीडिया पर प्रियंका चोपड़ा और लारा दत्ता के साथ एक ऐसी फोटो शेयर की, जिसे देखकर हर देशवासी का सीना चौड़ा हो गया। इन तीनों ने एक ऐसी मिसाल पेश की है, जो स्मॉल टाउन की लड़कियों को इंस्पायर करती है। उन्होंने ये जता दिया कि अगर मेहनत करो तो सब कुछ हासिल किया जा सकता है। जी हां, इस तस्वीर बेहद खास है। ये फोटो उस वक्त की है, जब साल 2000 में दीया, प्रियंका और लारा ने मिस यूनिवर्स, मिस वर्ल्ड और मिस एशिया पेसिफिक का ताज अपने नाम किया था। इस तस्वीर में दीया, लारा और प्रियंका बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। उनके चेहरे से खुशी और गर्व साफ बयां हो रहा है। एक्ट्रेस और बिजनेस वुमेन लारा दत्ता ने साल 2000 में मिस यूनिवर्स का खिताब जीतकर देश का नाम रोशन किया था। प्रियंका चोपड़ा भी इसी साल मिस वर्ल्ड बनी थीं और दीया मिर्जा ने भी इसी साल मिस एशिया पेसिफिक का ताज अपने सिर पर सजाया था। दीया मिर्जा ने इस ऐतिहासिक थ्रोबैक फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है– प्रियंका चोपड़ा और लारा दत्ता के साथ साल 2000 में वापस जाते हुए।

## शाहिद कपूर और मृणाल ठाकुर का रोमांस देख पुलिसवाले को आ गया था गुस्सा




जर्सी फिल्म में शाहिद कपूर और मृणाल ठाकुर पहली बार पर्दे पर साथ नजर आएंगे। कोरोना की वजह से मेकर्स ने जर्सी की रिलीज को पोस्टपोन कर दिया था। अगर कोरोना ने पैर न पसारे होते तो शाहिद की ये फिल्म पिछले महीने सिनेमाघरों में रिलीज हो गई होती। शाहिद और मृणाल की जोड़ी देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटिड हैं। ट्रेलर में दर्शकों ने देखा कि कबीर सिंह की तरह शाहिद कपूर जर्सी में भी गर्लफ्रेंड को बाइक पर घूमाते नजर आ रहे हैं। कपिल शर्मा शो में शाहिद कपूर ने अपनी फिल्म जर्सी से एक मजेदार किस्सा सुनाया था। इस चौट शो में शाहिद कपूर ने बताया कि मृणाल ठाकुर के साथ बाइक वाले रोमांटिक सीन को देखकर एक पुलिसवाला खासा नाराज हो गया था। इसके बाद वह पुलिसवाले को शांत करने के लिए बच्चे के साथ बाइक वाला सीन शूट करने निकले थे, ताकि उन्हें यकीन हो सके कि वह फिल्म में एक बच्चे के पिता भी बने हैं। शाहिद कपूर ने अपने शूटिंग किस्से को शेयर करने के साथ बताया कि वह बच्चों और जानवरों के साथ शूटिंग करने से बहुत डरते हैं। एक्टर का कहना है कि बच्चे और जानवर अपनी मर्जी का करते हैं, आपको अपनी रिदम पर ब्रेक लगानी पड़ती है।

# डॉक्टरी छोड़ अब हीरो बनना चाहते हैं उमर रियाज

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*बिग बॉस 15 के फिनाले को जहां दो हफ्ते के लिए आगे बढ़ा दिया गया है, वहीं शो से उमर रियाज के इविक्शन पर खूब हंगामा हुआ। सोशल मीडिया पर शो को अनफेयर और बायस्ड कहा गया। उमर रियाज ने टास्क के दौरान प्रतीक सहजपाल को धक्का दिया और उठाकर पटका था। इस हिंसा पर बिग बॉस से लेकर होस्ट सलमान खान ने उमर की खूब आलोचना की। अब उमर रियाज ने बिग बॉस के घर से बेघर होने पर न सिर्फ चुप्पी तोड़ी है। यही नहीं, उन्होंने रश्मि देसाई संग अपने रिश्ते को लेकर भी बात की है। उमर कहते हैं कि उन्हें शो में शुरुआत से ही एग्रेसिव का टैग दिया गया। लोगों ने फिर भी उन्हें समझा और सपोर्ट किया। ऐसे में उनका एविक्शन अनफेयर रहा है। यही नहीं, उमर ने तेजस्वी प्रकाश पर भी निशाना साधा है और यह भी कहा कि वह आगे शोबीज इंडस्ट्री में अपना करियर बनाना चाहेंगे।*

**मेरा एविक्शन अनफेयर, जनता ने नहीं मेकर्स ने निकाला**

उमर ने कहा, मुझे लगता है कि शुरू से ही मुझे आक्रामक होने का टैग दिया गया। हां, मैं कुछ टास्क के दौरान एग्रेसिव था। लेकिन मैंने कभी किसी को शारीरिक रूप से धक्का नहीं दिया और न ही मारपीट की। मुझसे कहा गया कि मुझे पहले भी चेतावनी दी गई थी, लेकिन मुझे याद नहीं है कि मुझे कब कोई चेतावनी दी गई। फिर उन्होंने कहा कि मेरा एविक्शन दर्शकों के वोट के आधार पर हुआ है। लेकिन जब मैं घर से बाहर आया तो मुझे पता चला कि ज्यादातर लोग मुझ पर ही प्यार बरसा रहे हैं, तो यह एविक्शन जनता के वोट पर कैसे हुआ? मुझे लगता है कि उन्होंने मुझे जानबूझकर हटाया है, क्योंकि मैं शुरू से ही स्ट्रॉन्ग था। मैं अपने एविक्शन से बहुत निराश हूं, खासकर फिनाले वीक से ठीक पहले।

**मेरे ही प्रोफेशन पर क्यों उठाए गए सवाल**

उमर से पूछा गया कि आपने प्रतीक सहजपाल को धक्का दिया। बिग बॉस के घर का नियम तोड़ा, फिर आपको यह एविक्शन गलत क्यों लग रहा है? इस पर उमर ने कहा, यदि शो में शारीरिक हिंसा की बिल्कुल भी इजाजत नहीं है, तो मेकर्स को यह पहले करना चाहिए था। जब करण



कुंद्रा ने प्रतीक को उठाकर पटका था, या जब शमिता शेट्टी ने राखी सावंत को धक्का दिया, जब सिम्बा नागपाल ने मुझे पूल में धक्का दिया या जब तेजस्वी प्रकाश ने अभिजीत बिचुकले को धक्का दिया। इन मामलों में भी कार्रवाई होनी चाहिए थी। मैं इस बात से भी परेशान हूं कि कुछ लोगों ने कहा कि मैं डॉक्टर हूं और मैं इतना आक्रामक कैसे हो सकता हूं? लेकिन उन्होंने दूसरों को यह नहीं बताया कि आप एक अभिनेता हैं और आपको आक्रामक नहीं होना चाहिए, वरना आपके साथ कौन काम करना चाहेगा। यह सब सिर्फ मेरे बारे में ही क्यों कहा गया?

**रश्मि और मैं फिलहाल सिर्फ दोस्त हैं**

रश्मि के साथ अपनी दोस्ती और रिश्ते पर बात करते हुए उमर ने कहा, रश्मि देसाई एक बेहतद खास मौके पर शो में आईं। उसने घर में मेरा साथ दिया। बिग बॉस 13 में उन्होंने मेरे भाई आसिम रियाज को भी सपोर्ट किया था। इसलिए, हमारे बीच एक कंफर्ट लेवल था। हम तब से एक–दूसरे को जानते हैं और अच्छे दोस्त हैं। जब वह शो से बाहर आएगी और हम दोबारा मिलेंगे, तो हम एक–दूसरे को और जान पाएंगे। लेकिन अभी के लिए, जैसा कि मैंने कहा, रश्मि और मैं अच्छे दोस्त हैं और हम एक–दूसरे को उसी तरह पसंद करते हैं। इससे अधिक कुछ नहीं है।

**आसिम ने कहा- आपने बहुत अच्छा खेला**

उमर ने बताया कि जब वह बिग बॉस 15 से बेघर होकर अपने घर लौटे तो भाई आसिम रियाज ने उनसे क्या कहा। उमर कहते हैं, आसिम ने कहा कि मैंने गेम अच्छा खेला। मैंने शो में किसी की गुड बुक्स में रहने की कोशिश नहीं की, चाहे वह मेरे दोस्त हो या दुश्मन। मैं जैसा था, वहां असली था और लोग उसे पसंद करते थे। आसिम मेरे बिग बॉस के सफर से वाकई खुश है और वह समझता है कि प्रतीक को धक्का देना उसके एक्शन पर मेरा रिएक्शन था।

# शादी के 2 हफ्ते बाद मोहित रैना ने सुनाई अपनी लव स्टोरी

*देवों के देव.. महादेव ऐक्टर मोहित रैना ने हाल में ही अपनी शादी की गुड न्यूज दी। 1 जनवरी को मोहित रैना ने गर्लफ्रेंड अदिति संग शादी रचाई। मोहित रैना ने एक इंटरव्यू में अपनी लवस्टोरी, पत्नी संग पहली मुलाकात से लेकर शादी तक के सफर के बारे में बताया। ऐक्टर ने कहा कि वह कुछ सालों पर अदिति से मिले थे।*



मोहित रैना ने बताया कि उनकी पत्नी अदिति टेक बैकग्राउंड से हैं। कुछ साल पहले उनकी अदिति से दोस्ती हुई थी। ये दोस्ती प्यार में बदल गई और पिछले साल लॉकडाउन में मोहित रैना अदिति के परिवार से मिलने गए थे। उन्होंने अदिति का हाथ मांगा और दोनों के परिवार ने शादी का तय किया। मोहित रैना ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शादी की तस्वीरें शेयर कर ये गुडन्यूज फैंस के साथ शेयर की थी। इस जानकारी को साझा करते हुए एक्टर ने लिखा था, प्यार किसी भी बाधा को नहीं पहचानता है, यह सब सीमाओं को पार कर लेता है, हर दूरी को कम कर देता है, हर दीवार को तोड़कर... ये बस हो जाता है। प्यार और ढेर सारी आशाओं से भरा होता है। आज हमने माता–पिता के आशीर्वाद के साथ एक होने का फैसला किया है। इस नए सफर में आप सभी के प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है। अदिति और मोहित।" मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोहित रैना और अदिति ने राजस्थान में शादी की। कोरोना के चलते इस शादी में केवल परिवार और करीबी ही शामिल हुए थे। शादी के बाद मोहित रैना काम पर भी लौट आए हैं। उन्होंने अपनी आने वाली सीरीज भौकाल 2 पर काम शुरू कर दिया है। मोहित रैना ने टीवी जगत में कई सीरियल में काम किया है। उन्हें देवों के देव – महादेव और महाभारत जैसे शो से ऐक्टिंग जगत में पहचान मिली। बॉलिवुड में मोहित रैना ने विकी कौशल के साथ उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक और शिद्दत जैसी फिल्मों में काम किया है।